दिनांकः 08.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज जयपुर पहुंचे। वे भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संभाग बैठक में भाग ले रहे हैं। इसके बाद श्री प्रधान, प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। उनका सोशल मीडिया वॉलंटियर संवाद का भी कार्यक्रम है।

भारतीय वायु सेना आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। 91वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य समारोह उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में हो रहा है। इस अवसर पर बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांड एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर भी मौजूद थे। वायुसेना प्रमुख ने परेड में वायुसेना के नए ध्वज का भी अनावरण किया। अब पुराने ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख ने चार इकाइयों को प्रशस्ति–पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्धकाल–दोनों में ही उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। इस वर्ष वायुसेना दिवस पर परेड का नेतृत्व, पहली बार, महिला अधिकारी, ग्रुप कैप्टन शालिज़ा धामी ने किया। पहली बार, महिला सैन्य कर्मियों की टुकड़ी परेड में शामिल हुई जिनमें अग्निवीर वायु महिलाएं भी शामिल रहीं। स्काई पैरा जंपर्स ने शानदार स्टंट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर वायु योद्धाओं और उनके परिवारों को बधाई दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जैंडर प्लेटफॉर्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक ने बताया कि यह सम्मेलन हाल ही में आयोजित हुए जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है।

प्रदेश में कनिष्ठ अनुदेशकों के ढाई हजार पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ये भर्ती तकनीकी शिक्षा (प्रशिक्षण) आईटीआई विभाग में विभिन्न व्यवसायों और विषयों के कनिष्ठ अनुदेशक के लिए की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जयपुर के पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र में भी 14 नए पद बनाने की स्वीकृति दी है। इनमें फिजियोथैरेपिस्ट के 8, कनिष्ठ सहायक के 2 और साइक्लोजिकल काउंसलर, सूचना सहायक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट के 1–1 पद शामिल हैं।

श्रीगंगानगर जिले के गजसिंहपुर रेल्वे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का नव निर्माण किया जाएगा। सांसद निहालचंद ने इसका शिलान्यास किया। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से ये विकास कार्य करवाया जाएगा।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए कक्षा नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की ऑनलाइन पंजीयन की तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। बोर्ड के अजमेर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा संगम लिंक पर विद्यार्थियों का पंजीयन कर सकते हैं। बोर्ड ने स्कूलों को सावचेत किया है कि विद्यार्थी के

विषय का विवरण भरते समय सावधानी बरतें,क्योंकि पंजीयन होने के बाद विषय में सुधार नहीं किया जा सकेगा।

राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता आज बाड़मेर में सम्पन्न हुई। छात्राओं के 17 वर्ष आयु वर्ग में हुए इन मुकाबलों में हनुमानगढ की टीम विजेता रही। सीकर ने दूसरा और दूदू जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। यह मैच चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में दोपहर दो बजे से खेला जायेगा। प्रतियोगिता में, कल नई दिल्ली में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए, जो विश्व कप में किसी भी टीम का अब तक का सर्वाधिक स्कोर है।